# न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उप खण्ड अधिकारी, पाली

## पीठासीन अधिकारीः— श्री रोहिताश्व सिंह तोमर (आई.ए.एस.)

राजस्व विविध प्रकरण संख्या 38/2019

**प्रार्थी** बनाम **अप्रार्थीगणः—**

1. श्री राजाराम पुत्र श्री सोनाराम उम्र 72 वर्ष जाति पटेल निवासी मालवा तहसील रोहट जिला पाली (राज0)

1. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार, पाली तहसील पाली, जिला पाली (राज.)

उपस्थितिः—

1. श्री मदनदास वैष्णव, विद्वान अभिभाषक प्रार्थी।

2. श्री केशर सिंह राठौड़ सरकारी पैरोकार,तहसीलदार पाली।

**<u>प्रार्थना—पत्र अंतर्गत धारा 251ए राजस्थान कास्तकारी अधिनियम, 1955</u>**

**—:आदेशः—** दिनांक 10-01-2020

1. प्रार्थीगण ने निर्धारित प्रारूप में प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम मूलियावास के खसरा नंबर 110/1 रकबा 22 बीघा 10 बिस्वा किस्म नंहरी भूमि है। प्रार्थीगण के खसरा नंबर 110/1 रकबा 22 बीघा 10 बिस्वा किस्म नहरी की भूमि में से आम रास्ते पर राजस्व रेकर्ड में रास्ता नहीं होने से उक्त भूमि पर आने जाने हेतु ग्राम मूलियावास के खसरा नंबर 110/1 के उत्तरी दिशा में स्थित खसरा नम्बर 105/236 की पश्चिमी दिशा से चिपते खसरा नम्बर 105 की माठ के सहारें—सहारें जैतपुर से पाली जाने वाली ड़ामर रोड़ तक प्रार्थना पत्र के संलग्न प्रस्तुत नजरी नक्शे में वर्णित अनुसार रास्ता चाहा गया है। प्रार्थी ने प्रस्तावित भूमि का नजरी नक्शा बना कर प्रार्थना—पत्र के साथ में प्रस्तुत किया है।

2. प्रार्थना—पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया तथा आवेदित भूमि की मौके पर जांच कर रिपोर्ट पेश करने हेतु तहसीलदार, पाली को आदेशित किया गया।

3. तहसीलदार, पाली ने प्रार्थी के प्रार्थना—पत्र में आवेदित भूमि की जांच भू0अ0नि0 रूपावास से करवाई गई। भू0अ0नि0, रूपावास द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में दर्शित किया है कि ग्राम मुलियावास जमाबन्दी खाता संख्या एक के खसरा नम्बर 105 रकबा 118.05 बीघा किस्म गै0मु0 खडा दर्ज है। राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी के खाता संख्या के खसरा नम्बर 110/1 रकबा 22.10 बिघा किस्म नहरी में राजाराम पुत्र सोनाराम कोम पिटल साकिन मालवा खातेदार रहन मारवाडा ग्रामीण बैंक शाखा जैतपुर दर्ज है। राजस्व नक्शा लट्टा अनुसार खसरा नम्बर खसरा नम्बर 105 एवं 110/1 की स्थिति दर्शायी गयी है। राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी के खाता संख्या एक के खसरा नम्बर 109 रकबा 7.06 बिघा किस्म गै0मु0 रास्ता दर्ज है परन्तु मौके पर बंद है। मौका अनुसार खसरा नम्बर 105/5, 105/236 एवं 110/1 की स्थिति नजरी नक्शा के अनुसार दर्शायी गयी है। मौका अनुसार खसरा नम्बर 105/5 एवं 105/236 की माठ चिपती हुई है तथा दोनों खसरों के बीच खाली भूमि नहीं है जबकि राजस्व नक्शा लट्टा मे की गई तरमीम अनुसार खसरा नम्बर 105/5 व 105/236 के बीच में गेप है तथा ब्ल्यू पेन

सहायक कलेक्टर
पाली

Scanned by CamScanner

से 105 लिखा हुआ है। खसरा नम्बर 105/236 की राजस्व नक्शा लट्टा मे की गई तरमीम व मौका स्थिति से मिलान नही हो रहा है। प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 110/1 खसरा नम्बर 109 किस्म गै0मु0 रास्ता पर स्थित है। परन्तु मौके पर रास्ता बंद है।

4. पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम मुलियावास जमाबन्दी संवत् 2073–2076 के खाता संख्या 1 के खसरा नम्बर 105 रकबा 118.05 बीघा किस्म गै0मु0 खडा दर्ज है। राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी संवत् 2073–76 के खाता संख्या 176 के खसरा नम्बर 110/1 रकबा 22.10 बिघा किस्म नहरी में राजाराम पुत्र सोनाराम कोम पिटल साकिन मालवा खातेदार रहन मारवाड ग्रामीण बैंक शाखा जैतपुर दर्ज है। राजस्व नक्शा लट्टा अनुसार खसरा नम्बर खसरा नम्बर 105 एवं 110/1 की स्थिति दर्शायी गयी है। राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी के खाता संख्या 1 के खसरा नम्बर 109 रकबा 7.06 बिघा किस्म गै0मु0 रास्ता दर्ज है परन्तु मौके पर बंद है। मौका अनुसार खसरा नम्बर 105/5, 105/236 एवं 110/1 की स्थिति नजरी नक्शा के अनुसार दर्शायी गयी है। मौका अनुसार खसरा नम्बर 105/5 एवं 105/236 की माठ चिपती हुई है तथा दोनों खसरों के बीच खाली भूमि नहीं है जबकि राजस्व नक्शा लट्टा मे की गई तरमीम अनुसार खसरा नम्बर 105/5 व 105/236 के बीच में गेप है तथा ब्ल्यू पेन से 105 लिखा हुआ है। खसरा नम्बर 105/236 की राजस्व नक्शा लट्टा मे की गई तरमीम व मौका स्थिति से मिलान नही हो रहा है। प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 110/1 खसरा नम्बर 109 किस्म गै0मु0 रास्ता पर स्थित है। परन्तु मौके पर रास्ता बंद है। उक्त भुमि की डी.एल.सी. दर 179600/– प्रति हैक्टेयर है।

5. बहस प्रा0पत्र उभयपक्ष की सुनी गई। वकील प्रार्थी ने माफिक भू0अ0नि0, खेतावास की जांच रिपोर्ट के अनुरूप एवं नजरी नक्शा के अनुरूप रास्ता दिये जाने का निवेदन किया तथा जो कॉस्ट जमीन की है वे अप्रार्थी को देने के लिए तैयार है। सरकारी पैरोकार ने प्रार्थी को रास्ता हेतु भूमि दिये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया।

6. अतः तहसीलदार, पाली की उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र अंतर्गत धारा 251ए राजस्थान कास्तकारी अधिनियम, 1955 के तहत स्वीकार किया जाकर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संलग्न प्राप्त नजरी नक्शा को इस आदेश का भाग बनाया जाकर आदेश दिया जाता है कि मौजा ग्राम मूलियावास के खसरा नंबर 110/1 रकबा 22 बीघा 10 बिस्वा किस्म नहरी भूमि है। प्रार्थीगण के खसरा नंबर 110/1 रकबा 22 बीघा 10 बिस्वा किस्म नहरी की भूमि में से आम रास्ते पर राजस्व रेकर्ड में रास्ता नहीं होने से उक्त भूमि पर आने जाने हेतु ग्राम मूलियावास के खसरा नंबर 110/1 के उत्तरी दिशा में स्थित खसरा नम्बर 105/236 की पश्चिमी दिशा से चिपते खसरा नम्बर 105 की माठ के सहारें–सहारें जैतपुर से पाली जाने वाली ड़ामर रोड़ तक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा में दर्शित अनुरूप भूमि आवेदक के खातेदारी भूमि तक जाने हेतु रास्ता के रूप में दिया जाता है। Rajasthan Tenancy (Government) (Amendment) Rule, 2012 के नियम 70 के तहत आदेश जारी होने की तारीख को प्रचलित डी.एल.सी. की दर, जिसे कृषि असिंचित भूमि ग्राम मूलियावास वर्तमान डी.एल.सी. दर 29073/– प्रति बीघा से 03 बिस्वा की कीमत 16519/– व दुगनी राशि 33,038/– अक्षरे तैतीस हजार अड़तीस रूपये प्रार्थी से तहसीलदार, पाली द्वारा राजकोष में जमा करवाने के पश्चात् तहसीलदार, पाली उक्त प्रस्तावित रास्ता, जिसे जांच रिपोर्ट के संलग्न प्रस्तुत किया गया है, का राजस्व रेकर्ड में सार्वजनिक रास्ता के रूप में अंकन करवाया जायेगा। उक्त सार्वजनिक रास्ता का उपयोग सार्वजनिक रूप से किया जायेगा न कि केवल प्रार्थी के अकेले के उपयोग हेतु। प्रार्थी को

Rahi

सहायक कलेक्टर
पाली

Scanned by CamScanner

उक्त रास्ता का उपयोग करने से किसी भी व्यक्ति को रोकने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस आदेश एवं नजरी नक्शा की प्रति तहसीलदार, पाली को माफिक आदेश पालना करने हेतु तहरीर के साथ प्रेषित की जावे। बाद पालना पत्रावली फैसल में शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जावे।

सहायक कलेक्टर
पाली

यह आदेश आज दिनांक 10-01-2020 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
पाली

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Rohitashva Singh Tomar
Date: 2020.03.19 16:54:44 IST
Reason: SelfAttested
Location: